an>

Title: Need to include hamlets with a population of 100 persons in Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana and also provide adequate funds for the scheme.

श्री सी.आर. चौधरी (नागौर)ः मैं अपने राज्य से संबंधित मामला माननीय वित्त मंत्री जी एवं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ। यह सर्वविदित है कि "प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना " पूर्व प्रधानमंत्री सम्माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में प्रारम्भ हुई थी। यह बड़ी ही महत्वपूर्ण योजना है एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। इस योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों एवं 350 की आबादी के ऊपर की ढ़ाणियों (आबादी) को पक्की डामर की सड़क से जोड़ा गया है।

इस योजना के तहत अभी काफी कार्य होने हैं क्योंकि आज छोटी से छोटी आबादी वाली बस्ती के निवासी भी कनेक्टीविटी चाहते हैं। अतः मेरा निवेदन है कि 100 तक की आबादी वाली ढ़ाणियों/मंजरों को भी पक्की सड़क से इस शानदार योजना के मार्फत जोड़ा जाए। साथ ही इस योजना के तहत अधिक बजट आवंटित किया जाए। बजट के अभाव में राज्य सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं। संभवतः भारत सरकार द्वारा इस योजना के तहत बजट का आवंटन इस आशा में कम रखा गया था कि राज्यों की हिस्सा राशि बढ़ाई गई है परन्तु राज्य अपनी वित्तीय समस्याओं से परेशान है एवं उनके सामने अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र भी हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस शानदार योजना के लिए राज्य की मांग के अनुरूप बजट दिया जाए ताकि राज्य में हर गॉव एवं ढ़ाणी पक्की सड़को से जुड़ सकें। इससे कृषि उत्पाद एवं दुग्ध उत्पाद बढ़ाने एवं विकसित राज्य बनने में मदद मिलेगी।